आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 15.02.2025
समय : 0705

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमरीकी राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद कल नई दिल्ली पहुंचे।

2. द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की।

3. द्वीपसमूह में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं आज से शुरू।

4. द्वीपसमूह के ज़िला विधि सेवा प्राधिकरण की ओर से आठ मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निमंत्रण पर अमरीका की एक सार्थक और रचनात्मक यात्रा सफलतापूर्वक पूरी करने के बाद नई दिल्ली पहुंच गए हैं। राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के लिए शपथ लेने के बाद प्रधानमंत्री की यह पहली अमरीका यात्रा थी। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने वाशिंगटन में राष्ट्रपति ट्रंप के साथ द्विपक्षीय चर्चा की। चर्चा में रणनीतिक और सुरक्षा सहयोग, रक्षा, व्यापार और आर्थिक वचनबद्धता, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा सुरक्षा और लोगों के बीच संबंधों के साथ–साथ क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों शामिल थे। दोनों नेताओं ने संयुक्त रूप से इक्कीवीं सदी के लिए यूएस–इंडिया कॉम्पैक्ट लॉन्च किया। इससे सैन्य साझेदारी, त्वरित वाणिज्य और प्रौद्योगिकी में अवसरों को बढ़ावा देना है। व्यापार और निवेश के क्षेत्र में, दोनों नेताओं ने मिशन पांच सौ लॉन्च किया, जिसका लक्ष्य दो हजार तीस तक कुल दो–तरफ़ा व्यापार को दोगुना से अधिक करके पांच सौ बिलियन डॉलर करना है।

प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प ने इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की दिशा में 2025 तक पारस्परिक रूप से लाभकारी बहु–क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते की पहली किश्त पर बातचीत करने की योजना की भी घोषणा की। दोनों नेताओं ने इक्कीसवीं सदी में अमरीका–भारत प्रमुख रक्षा साझेदारी के लिए एक नए दस–वर्षीय ढांचे को अंतिम रूप देने की योजना की भी घोषणा की। यह एक ऐसा ढांचा है जो 2025 से 2035 तक चलेगा और इस साल के अंत में इसे अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है।

<><><><><><><>

द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे ने हाल ही में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने चौदह राज्य राजमार्ग सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्गों में उन्नत करने के लिए

केन्द्रशासित प्रदेश प्रशासन द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव को जल्द ही मंजूरी देने का अनुरोध किया। इस संबंध में सांसद ने मुख्य सचिव के प्रति भी आभार प्रकट किया है। मंत्री जी के निर्देशों का पालन करते हुए मुख्य सचिव के मार्ग दर्शन में प्रशासन के अन्य अधिकारियों के साथ एक व्यापक सर्वेक्षण किया और द्वीपों के कई क्षेत्रों का दौरा करने के बाद चौदह मुख्य सड़कों को चिन्हित किया गया। इन क्षेत्रों में सड़क किनारे सुविधाओं के साथ–साथ राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने के लिए प्रस्ताव रखा गया है। यह पहल द्वीपों में कनेक्टिविटी बढ़ाने और द्वीपसमूह में बुनियादी ढ़ांचे के विकास को बढ़ावा देने में सहायक होगा।

<><><><><><><>

फरारगंज क्षेत्र के आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए एल्डर हेल्पलाइन–एक चार पांच छह सात पर ज्ञानवर्धक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य एल्डर हेल्पलाइन के बारे में जागरूक करना और पोषण कल्याण और बाल देखभाल के बारे में जानकारी देना था। कार्यक्रम में परियोजना प्रबंधक सुषमा पाण्डे ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए, सामुदायिक सहयोग के महत्व और महत्वपूर्ण सेवाओं को प्रदान करने में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बुजुर्ग नागरिकों की सहायता के उद्देश्य से एल्डर हेल्पलाइन की विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी। मुख्य सेविका प्रतिमा राय और जैतुन बीबी ने बाल पोषण, प्रारम्भिक शिक्षा और राष्ट्रीय विकास में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के महत्वपूर्ण योगदान के विषय में चर्चा की। सत्र के दौरान कुपोषण से निपटने के लिए पोषण अभियान के महत्व पर ज़ोर दिया गया। कार्यक्रम में लगभग साठ आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं आज से शुरू हो रही है। आज दसवीं की परीक्षा अंग्रेजी के मुख्य पेपर से शुरू होगी। जबकि बारहवीं की परीक्षा एन्टरप्रेनरशिप के पेपर से शुरू होगी। इस वर्ष बारहवीं की परीक्षा में नियमित छात्रों की संख्या चार हज़ार नौ सौ चालीस है और दसवीं की परीक्षा में कुल पांच हज़ार पांच सौ पच्चीस नियमित विद्यार्थी शामिल होंगे। इस वर्ष सी बी एस ई की परीक्षा में द्वीपों से कुल दस हज़ार चार सौ पैंसठ छात्र परीक्षा में बैठेंगे। इसके लिए कुल सैंतालिस परीक्षा केन्द्र बनाए गए है।

इस बीच पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा ने बोर्ड की परीक्षा में बैठने वाले विद्यार्थियों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान के मंजरी में रिप्रोडक्टिव एंड चाइल्ड हेल्थ पर शिविर आयोजित किया जाएगा। स्वास्थ्य सेवा निदेशालय और अनिम्स के सहयोग से आज सुबह साढ़े नौ बजे से शिविर में सेवाएं शुरू होंगी। शिविर में स्त्री रोग, बाल रोग, ऑर्थोपेडिक, नेत्र रोग और दंत रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह के ज़िला विधि सेवा प्राधिकरण की ओर से आठ मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत श्री विजयपुरम के ज़िला न्यायालय भवन, उप–विभागीय कोर्ट परिसर मायाबंदर तथा डिगलीपुर के सर्किट कोर्ट में आयोजित होगा। लोक अदालत में धारा एक सौ अड़तीस के अंतर्गत राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड अधिनियम के मामले, धन वसूली के मामले, श्रम विवाद, बिजली और पानी के बिल संबंधी विवाद, भरण–पोषण के मामले, सिविल विवाद और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत आने वाले विवादों का निपटान किया जाएगा, जिन लोगों के विवाद मुकदमें पूर्व या मुकदमे पश्चात स्तर पर है, उन्हें राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान उनके समाधान की सुविधा के लिए सत्ताईस फरवरी तक श्री विजयपुरम के ज़िला विधि सेवा प्राधिकरण के सचिव को लिखित रूप में जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

टुसनाबाद क्षेत्र में प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय केन्द्र द्वारा कल शाम पांच बजे से छह बजे तक पंचायत कार्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन करेगा। कार्यक्रम में तनाव मुक्त जीवन और ध्यान, नशामुक्ति पर नाटक का मंचन किया जाएगा। इसके अलावा सत्रह से उन्नीस फरवरी तक क्षेत्र के आंगनवाड़ी केन्द्र–एक में तीन दिवसीय ध्यान कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में शान्ति और खुशी का अनुभव कराना और स्वस्थ तथा तनावमुक्त जीवन जीने में मदद करना है। इन दोनों की कार्यक्रमों में प्रवेश निःशुल्क है।

<><><><><><><>

पहाड़गांव स्थित लॉर्ड शिव शंकर मंदिर कमेटी की ओर से शिवरात्रि पूजा का आयोजन किया जाएगा। छब्बीस फरवरी को मंदिर में पूजा रखी गई है। भक्त अपनी श्रद्धानुसार स्टेट कॉपरेटिव बैंक, गाराचरमा में मंदिर के नाम पर दान दे सकते हैं।

<><><><><><><>

इंदिरा गांधी मुक्त राष्ट्रीय विश्वविद्यालय में पांच मार्च को अड़तीसवां दीक्षांत समारोह आयोजित किया जाएगा। क्षेत्रीय केन्द्र श्री विजयपुरम कार्यालय के मल्टी–स्पेशलिटी हॉल में कार्यक्रम आयोजित होगा।

पंजीकरण के लिए ऑनलाइन पोर्टल पच्चीस फरवरी तक खुला रहेगा। शिक्षार्थी छः सौ रूपये के शुल्क के साथ पंजीकरण कर सकते हैं।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

उपराज्यपाल ने नई दिल्ली में दिल्ली विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया– द्वीप समाचार ने इस खबर को पहले पन्ने पर सचित्र प्रकाशित किया है। द डेली टेलीग्राम्स ने इस खबर के अलावा स्कूलों में बेटी बचाव, बेटी पढ़ाओं की दसवीं वर्षगांठ मनाए जाने के समाचार को भी प्रकाशित किया है। जे एन आर एम वार्षिक वनस्पति फोरम महोत्सव ''फ्लोरिस्टिक– 2025'' मनाया गया– इंफो इंडिया की खबर है। द्वीपों के सांसद ने सड़क एवं परिवहन राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात करने के समाचार को इको ऑफ इंडिया ने पहले पन्ने के मध्य में जगह दी है। अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने मीडिया टीम के मुख्य सचिव से मुलाकात करने के समाचार को पहले पन्ने पर सचित्र प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>